# जेवर में लगेगा भारत का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा के जेवर में लगने वाले देश के छठे सेमीकंडक्टर प्लांट को बुधवार को मंजूरी दे दी।

एचसीएल और फॉक्सकान के संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाए जाने वाले इस प्लांट पर 3706 करोड़ रुपये का निवेश होगा। वर्ष 2027 तक प्लांट से निर्माण शुरू हो जाएगा।इसकी उत्पादन क्षमता 3.6 करोड़ (36 मिलियन) चिप प्रति महीना होगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि जेवर प्लांट में बनने वाली चिप्स का इस्तेमाल मोबाइल फोन, लैपटॉप, पीसी और ऑटोमोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रिक उत्पादों में किया जाएगा। यहां डिस्प्ले ड्राइव का उत्पादन होगा। इसका इस्तेमाल डिजिटल डिवाइस की स्क्रीन में होगा। यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास बनने वाले प्लांट के जरिए दो हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का दायरा बढ़ेगा। वैष्णव ने कहा कि देश के अलग-अलग राज्यों में सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़ी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।

## मुख्यमंत्री ने जताया प्रधानमंत्री का आभार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर हर्ष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट से पोस्ट करते हुए लिखा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक सेमीकंडक्टर इकाई की स्थापना को मंजूरी दी गई है जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।